उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 03.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 03.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## थाना अजनर की पुलिस टीम ने आवेदिका के खोये हुये मोबाइल को बरामद कर किया सुपुर्द, खिल उठा अवेदिका का चेहरा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में साईबर शिकायतों के निस्तारण अभियान के तहत C.E.I.R. PORTAL पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण के क्रम में आवेदिका श्रीमती पार्वती पटेल पत्नी नाथूराम पटेल निवासी ग्राम रामूपुरा थाना अजनर जनपद महोबा का एक अदद खोया/गुमशुदा मोबाइल को थानाध्यक्ष अजनर श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व गठित थाना अजनर की सी0सी0टी0एन0एस0 टीम द्वारा मोबाइल बरामद कर आवेदिका को सुपुर्द किया गया।

**बरामदगी विवरण-**

एक अदद मोबाइल REDMI A3X कीमत 7000/- रुपये

## बरामद करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 आकाश मौर्या
2. क0आ0 अमित कुमार (ग्रेड-ए)
3. का0 रावेश कुमार
4. म0का0 अंशू सिंह



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 03.03.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

**जनपद में ई-रिक्शा चालकों/मालिकों के सत्यापन के लिए महोबा पुलिस चला रही है विशेष अभियान, यूनिक आईडी नम्बर लेना है अनिवार्य, सत्यापन नहीं कराये जाने पर की जायेगी कार्यवाही..।**

**सत्यापन प्रकिया से जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने एवं अपराधों की रोकथाम में मिलेगी मदद...।**



पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपद महोबा को अपराधमुक्त और सुरक्षित परिवेश प्रदान किये जाने के उद्देश्य से जनपद में ई-रिक्शा सेवाओं को और अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाये रखने तथा जनपद में यातायात व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा/कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखे जाने हेतु जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी ई-रिक्शा मालिक/चालकों के सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है।

प्रभारी यातायात पुलिस महोबा श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिसम्बर 2024 से आरम्भ हुई इस सत्यापन प्रक्रिया के द्वारा यातायात पुलिस टीम द्वारा अभी तक कुल 1807 ई-रिक्शा मालिक/चालकों का सत्यापन किया जा चुका है साथ ही सभी ई-रिक्शा को यूनिक आईडी नम्बर भी प्रदान किया गया है।

पुलिस सत्यापन से यह सुनिश्चित होगा कि केवल वे ही चालक ई-रिक्शा चलायेंगे जिनका चरित्र प्रमाणित हो और जो सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हों। इस प्रक्रिया से यात्रियों का ई-रिक्शा चालकों पर विश्वास भी सुदृढ़ होगा साथ ही शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जनपद में ऐसे विभिन्न ई-रिक्शा दृश्यमान हैं जिनके द्वारा अभी तक अपना सत्यापन नहीं कराया गया है, ऐसे सभी ई-रिक्शा मालिकों एवं चालकों को सूचित किया जा रहा है कि जनपद में संचालित सभी ई-रिक्शों का शत-प्रतिशत का सत्यापन होना अनिवार्य है, इसलिए आप सभी से अनुरोध/अपील है कि दिनांक- 04.03.2025 से अगले 03 दिवस के अंदर समस्त ई-रिक्शा मालिक/ चालक अपने अपने रिक्शे का सत्यापन परमानंद चौक पर पहुंचकर कराना सुनिश्चित करें अन्यथा बिना सत्यापन के रिक्शा पाए जाने पर नियमानुसार वाहन सीज की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 03.03.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 03.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

